




## बप्पी लहिरी की मौत की खबर सुन फूट–फूटकर रोईं उषा उत्थुप

मशहूर सिंगर बप्पी लहिरी के निधन की खबर सुन सभी गमगीन हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोशल मीडिया के जरिए उन्हें श्रद्धांजलि दी। वहीं, बॉलिवुड की तमाम जानी–मानी हस्तियां उनके घर पहुंच कर परिवार को ढाढस बंधा रही हैं। अन्य लोगों की तरह सिंगर उषा उत्थुप ने जब डिस्को किंगश के निधन की खबर सुनी तो उन्हें यकीन नहीं हुआ। उषा उत्थुप टूट गईं और फूट–फूटकर रो पड़ीं। उन्होंने भरे गले से कहा, श्मेरे पास शब्द नहीं हैं। मैं क्या कहूं? हमने कई गानों के लिए साथ काम किया है और वे एक के बाद एक हिट रहे। हमने सालों तक बेहतरीन लाइव शोज भी किए। मैं सोच रही हूं कि भगवान हमें इतना दुख क्यों दे रहे हैं। कल संध्या दी (संध्या मुखोपाध्याय) ने हमें छोड़ दिया और अब बप्पी दा! सिंगर ने आगे बताया कि उन्हें बप्पी लहिरी की तबीयत को लेकर जानकारी दी थी। उन्होंने कहा, श्मुझे पता था कि उनकी तबीयत ठीक नहीं है और उन्हें हॉस्पिटल में ऐडमिट कराया गया था, लेकिन इसकी कल्पना नहीं की थी कि ऐसा होगा। ये शून्य भरा नहीं जा सकता।

## रितेश से बहुत दुखी है राखी सावंत, बोलीं– उसने मुझे यूज किया

राखी सावंत हाल ही सोशल मीडिया पर बताया था कि वह पति रितेश से अलग हो गई हैं। वैलेंटाइन डे से ठीक एक दिन पहले राखी सावंत ने यह बात सबको बताई। लेकिन बाद में जब वह कैमरे के सामने आईं तो राखी सावंत फूट–फूटकर रो पड़ीं। राखी सावंत ने रितेश पर कई आरोप लगाए और बताया कि उन दोनों के बीच कहां क्या गलत हुआ। राखी सावंत को 15 फरवरी को जिम जाते हुए स्पॉट किया गया। यहां मीडिया से बातचीत के दौरान राखी सावंत बिलख पड़ीं। उन्होंने कहा, मैं नहीं चाहती कि किसी के पैरेंट्स पुलिस स्टेशन या कोर्ट–कचहरी जाएं। रितेश मैं तुम पर कोई इल्जाम नहीं लगाऊंगी। मैं किसी के पास नहीं जाऊंगी क्योंकि मेरे पास भगवान है। मैं तुम्हें भगवान के हाथ में देती हूं। राखी ने रोते हुए कहा कि मुझे ऐसा लग रहा है जैसे रितेश ने मेरा यूज किया। राखी ने आगे कहा, श्रितेश ने मुझे यूज किया। मैंने उन्हें कोई यूज नहीं किया। अगर किया होता तो उसने मुझे अभी मुंबई में फ्लेट लेकर दिया होता। वो मेरे नाम पर होता। उसने मुझे कोई सिक्यॉरिटी नहीं दी है। शादी में एक इयरिंग और नेकलेस देने से वो कोई प्रॉपर्टी नहीं हो जाती। उसने मुझे कुछ नहीं दिया। आज भी मैं अपने ही घर में रहती हूं। आज भी मैं मेरे घर से लेकर ड्राइवर और मेड तक का खर्च मैं संभालती हूं।

## पूजा हेगड़े ने अरेबिक कुथु चैलेंज पर दिखाए हॉट डांस मूव्स




तमिल सुपरस्टार विजय और पूजा हेगड़े की आने वाली फिल्म बीस्ट का गाना अरेबिक कुथु सोशल मीडिया चौलेंज बन चुका है। कई सिलेब्रिटीज और फैन्स ने इस गाने पर अपने डांस वीडियो सोशल मीडिया पर शेयर किए हैं। अब पूजा हेगड़े का भी इस गाने पर वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आया है। वीडियो में पूजा एक यॉट पर डांस करती नजर आ रही हैं। पूजा ने यह वीडियो अपनी हालिया मालदीव ट्रिप पर रिकॉर्ड किया है। ब्लू कलर की ड्रेस में डांस करती पूजा के इस वीडियो को फैन्स खूब पसंद कर रहे हैं। बता दें कि इस गाने अरेबिक कुथु को अनिरुद्ध रविचंदर ने कंपोज किया है। गाने को अनिरुद्ध और जोनिता गांधी ने आवाज दी है। यह गाना अरबी म्यूजिक और तमिल कुथु का फ्यूजन है। बता दें कि यह पहला मौका होगा जबकि पूजा हेगड़े तमिल सुपरस्टार विजय के साथ बीस्ट में नजर आएंगी। इस फिल्म से लंबे समय बाद पूजा तमिल फिल्मों में वापसी कर रही हैं। इससे पहले पूजा ने साल 2012 की फिल्म मूगामूडी में काम किया था जो उनकी डेब्यू फिल्म भी थी। बीस्ट एक ब्लैक कॉमिडी फिल्म है जिसका डायरेक्शन नेलसन दिलीपकुमार ने किया है।

# बप्पी दा ने किशोर कुमार की फिल्म से किया था ऐक्टिंग डेब्यू


*बप्पी लहिरी को यू तो इंडस्ट्री में म्यूजिशियन और सिंगर के तौर पर ही लोग पहचानते हैं, लेकिन आपको जानकर हैरानी होगी कि उन्होंने फिल्म में ऐक्टिंग भी की है। बप्पी लहिरी ने पिछले साल 2021 को खुद इस फिल्म की एक झलक शेयर की थी। क्या इस तस्वीर में आप बप्पी दा को पहचान पा रहे हैं?*
*बप्पी लहिरी को यू तो इंडस्ट्री में म्यूजिशियन और सिंगर के तौर पर ही लोग पहचानते हैं, लेकिन आपको जानकर हैरानी होगी कि उन्होंने फिल्म में ऐक्टिंग भी की है। यह थी किशोर कुमार की कॉमिडी फिल्म जिसमें बप्पी लहिरी भी नजर आए थे।*


एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

हो सकता है कि कइयों ने जब यह फिल्म देखी हो तो उन्हें पहचाना भी न हो। बप्पी लहिरी का यह ऑनस्क्रीन डेब्यू उन दिनों का है जब वह गोल्ड मैन के तौर पर दुनिया के सामने नहीं आए थे। जी हां, युवा दिनों में बप्पी ने ऐक्टिंग की दुनिया में हाथ आजमाने की कोशिश की थी।

बप्पी लहिरी ने पिछले साल 2021 को खुद इस फिल्म की एक झलक शेयर की थी। इस तस्वीर को शेयर करते हुए बप्पी लहिरी ने लिखा था, फिल्म, जिसमें मैंने बतौर ऐक्टर डेब्यू किया था, जिसका निर्देशन और इसे प्रड्यूस भी अमित कुमार के साथ किशोर कुमार ने ही किया था। फिल्म का नाम क्या था? यहां बता दें कि साल 1974 यह फिल्म आई थी, जिसका नाम था बढ़ती का नाम गाड़ी और जिसमें वह अपने मामा किशोर कुमार के साथ नजर आए थे। इसके अलावा भी बप्पी दा ने किशोर कुमार के साथ इंस्टाग्राम पर अपनी कई तस्वीरें शेयर की हैं।

यहां बता दें कि बीती देर रात बप्पी लहिरी ने इस दुनिया को हमेशा के लिए अलविदा कह दिया। बप्पी दा पिछले करीब 1 महीने से हॉस्पिटलाइज थे। दरअसल बप्पी दो को पिछले साल कोरोना के सेकंड वेव के दौरान अप्रैल में मुंबई के ब्रीच कैंडी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। तब वह कोरोना की चपेट में आ गए थे।




हालांकि, इसके बाद वह ठीक होकर घर लौट आए थे।

अस्पताल के डायरेक्टर डॉ. दीपक नामजोशी ने बताया कि बप्पी लहिरी एक महीने से अस्पताल में भर्ती थे। हालांकि, उनकी तबीयत में सुधार को देखते हुए सोमवार (14 फरवरी) को डिस्चार्ज कर दिया गया था। घर लौटने के बाद एक बार फिर से उनकी तबीयत बिगड़ गई।

इसके फौरन बाद बप्पी दा के परिवार ने डॉक्टर को घर पर बुलाया और उनकी हालात को देखते हुए उन्हें फौरन अस्पताल में भर्ती किया गया। बताया गया था कि बप्पी दा हेल्थ संबंधी काफी परेशानियों से जूझ रहे थे। वह हेल्थ सम्बंधी समस्या ओएसए से गुजर रहे थे।

# कैलाश खेर को अपना दामाद मानते थे बप्पी लहरी

*बॉलिवुड के डिस्को किंग कहे जाने वाले दिग्गज कंपोजर और सिंगर बप्पी लहरी का मंगलवार रात निधन हो गया। बप्पी लहरी पिछले काफी समय से बीमार चल रहे थे और एक महीने से हॉस्पिटल में भर्ती थे। बप्पी लहरी के निधन के बाद पूरे बॉलिवुड और म्यूजिक इंडस्ट्री में शोक की लहर दौड़ गई है।*



सिंगर कैलाश खेर भी बप्पी के काफी नजदीक थे और उन्होंने बताया कि आखिरी दिनों में बप्पी की क्या हालत थी। कैलाश खेर ने कहा कि बप्पी लहरी उन्हें अपने दामाद की तरह मानते थे। कैलाश ने बताया कि उनकी ससुराल बप्पी लहरी के घर के पड़ोस में है। जुहू में उनके बंगले से सटकर ही कैलाश खेर की ससुराल है। कैलाश खेर ने कहा कि उन्होंने बप्पी लहरी के लिए काफी गाने गाए हैं। उन्होंने कहा कि बप्पी लहरी उन्हें अपना दामाद मानते थे। कैलाश ने कहा कि बप्पी लहरी इतने मिलनसार थे कि उनसे मिलने पर कभी आपको नहीं लगेगा कि आप उनसे पहली बार मिले हैं।
कैलाश खेर ने बताया कि पिछले कुछ महीनों से बप्पी लहरी की तबीयत ठीक नहीं चल रही थी। कैलाश खेर ने बताया कि बप्पी पिछले 6–7 महीने से काफी बीमार थे। वह इतने बीमार थे कि 2 महीने से वह बोल भी नहीं पा रहे थे।
कैलाश ने बताया कि पिछले काफी समय से बप्पी लहरी का वक्त हॉस्पिटल में ही गुजर रहा था। बप्पी लहरी को कैलाश खेर के गाने पसंद थे। बप्पी खुद कैलाश खेर को कहते थे उन पर भगवान की कृपा है। कैलाश ने बताया कि उन्होंने बप्पी लहरी के साथ कई गाने कंपोज किए थे।
बप्पी लहरी को महीने हॉस्पिटल में भर्ती रहने के बाद सोमवार को डिस्चार्ज किया गया था। लेकिन मंगलवार को उनकी तबीयत एक बार फिर खराब हो गई। इसके बाद उन्हें हॉस्पिटल ले जाया गया जिसके बाद मंगलवार रात उनका निधन हो गया। बप्पी लहिरी का असली नाम आलोकेश लहिरी था। उनका जन्म बंगाल में एक ब्राह्मण परिवार में हुआ था। बप्पी लहिरी को श्डिस्को किंगश कहा जाता था क्योंकि उन्होंने ही इंडियन सिनेमा में सिंथेसाइज्ड डिस्को म्यूजिक को पॉप्युलर किया था।